**हादसा** — पटेरा के राजा बंदी हॉस्टल की घटना, मची अफरा-तफरी, कुछ छात्राओं की हालत गंभीर

# छात्रावास का छप्पर गिरने से कई छात्राएं घायल






**नवभारत,पटेरा/दमोह।** दमोह जिले के विकासखंड पटेरा अंतर्गत राजा बंदी छात्रावास में अचानक छप्पर गिरने से कई छात्राएं घायल हो गईं. हादसे के बाद छात्रावास में अफरा-तफरी का माहौल बन गया.

घायल छात्राओं को तत्काल विधायक प्रतिनिधि दिलीप पटेल द्वारा निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटेरा पहुंचाया गया, जहां ड्यूटी डॉक्टर अभिषेक पटेल व स्वास्थ्य टीम द्वारा उनका उपचार किया गया. घायल छात्राओं में रश्मि अहिरवार, अनामिका लोधी, लक्ष्मी अहिरवार, शिक्षा सेन, लक्ष्मी बर्मन, ज्योति सिंह, काजल अहिरवार व बबली पटेल शामिल हैं.

### गंभीर छात्राओं को जिला अस्पताल रेफर किया गया

इनमें कुछ छात्राओं की हालत अधिक गंभीर होने के कारण बेहतर उपचार के लिए 108 एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल दमोह रेफर किया गया.घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन व पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे. पटेरा तहसीलदार उमेश तिवारी,थाना प्रभारी उप निरीक्षक धर्मेंद्र गुर्जर अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे.

### छात्राओं के परिजन भी पहुंचे अस्पताल

विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुकेश गुजरे ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया. सांसद प्रतिनिधि गणेश पटेल व वमनपुरा के पूर्व सरपंच लक्ष्मीकांत पटेल भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और घायल छात्राओं का हाल जाना. हटा एसडीएम राकेश मरकाम भी अस्पताल पहुंचे और छात्राओं के स्वास्थ्य की जानकारी ली. घटना की सूचना मिलते ही घायल छात्राओं के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए.

### शिकायतों के बाद भी नहीं हुआ सुधार

स्थानीय लोगों व छात्रावास से जुड़े लोगों के अनुसार, राजा बंदी छात्रावास का छप्पर पहले भी करीब तीन बार गिर चुका है. इसके बावजूद छात्रावास भवन की मरम्मत या सुधार कार्य नहीं कराया गया.बताया जा रहा है कि इस संबंध में विभागीय अधिकारियों को लिखित आवेदन देकर भी अवगत कराया गया था,लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई.

**छात्रावास की वार्डन को किया गया निलंबित**

घटना की सूचना मिलते ही जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्यवाही करते संबंधित छात्रावास की वार्डन सीता स्वामी तिवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया। निलंबन अवधि में संबंधित का मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी दमोह नियत किया जाता है। संबंधित को निलंबन अवधि नियमन अनुसार जीवन निर्भय भत्ते की पात्रता होगी. जिपं सीईओ ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं और लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई की बात कही है.



## श्री बागेश्वर धाम के शास्त्री मंत्री लखन पटेल के निवेदन पर दो दिवसीय प्रवास पर भोपाल पहुंचे

- मंत्रियों, गणमान्य जनों और अधिकारियों व बड़ी संख्या में जुटे क्षेत्रीय जनों ने लिया आशीर्वाद

**नवभारत,पथरिया/दमोह।** श्री बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी दो दिवसीय प्रवास पर भोपाल पहुंचे.उनके आगमन पर प्रदेश के पशुपालन व डेयरी विभाग के मंत्री लखन पटेल तथा उनके परिवार के सदस्य,पुत्र लकी लोकेंद्र पटेल ने महाराज का अभिनंदन कर स्वागत किया. शास्त्री जी का मंत्री श्री पटेल के निवास (बी-17-74) पर भव्य सत्कार किया गया, जहां परिवारजन, ओर श्रद्धालुओं ने प्रथम दिवस रात्रि विश्राम मंत्री लखन पटेल के निवास पर रहा.दूसरे दिन रविवार प्रात: लगभग 10 बजे विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना व हवन का आयोजन हुआ, जिसमें गुरुदेव ने परिवार व उपस्थित जनों को आशीर्वाद प्रदान किए. श्री पटेल के निवास आशीर्वाद लेने पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, पूर्व संगठन महामंत्री हिंतानंद शर्मा, मंत्रीगण प्रहलाद सिंह पटेल, एंडल सिंह कंसाना, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, राकेश शुक्ला आदि उपस्थित रहें।

## जनपद सीईओ मनीष बागरी का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर



**नवभारत,तेंदूखेड़ा/दमोह।** हर दिल अजीज धार्मिक सामाजिक कार्यों में आगे रहने वाले, हर दुखित पीड़ित की हर संभव मदद करने वाले, रक्त दान करने में हमेशा आगे रहने वाले,निर्माण कार्यों को समय पर गुणवत्ता के साथ पूरा करवाने वाले, हसमुख व मिलनसार तेंदूखेड़ा जनपद सीईओ मनीष बागरी के असमय निधन से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है.रहस्य मय परिस्थितियों में शासकीय निवास में शव मिला.जानकारी लेने पर पता चला कि बागरी मंगलवार को अपने मामा ससुर देवी सिंह ठाकुर, एसडीओपी के सेवा निवृत्ति कार्यक्रम में दमोह गए थे.शाम को वापिस तेंदूखेड़ा आ गए थे और रूम में रोजगार गारंटी के सहायक अधिकारी राहुल गांगरा के साथ खाना खाया और जबलपुर घर नहीं गए. साथ ही राहुल गांगरा को भी रोक लिया था. रात्रि करीब 12 बजे सो गए.राहुल गांगरा बाजू में बने दूसरे मकान में सो गए.सुबह राहुल गांगरा चाय नाश्ता देने गए. तो साहब नहीं उठे. इसी दौरान घर में झाड़ू पोंछा करने वाली महिला भी आ गई थी.उसने भी बागरी को उठाने की कोशिश की पर साहब नहीं उठे, तो काम करने वाली महिला ने पास ही शासकीय बंगले में रहने वाले उपयंत्री खेम सिंह मरावी को जानकारी दी.

**संस्कृति मंत्री पहुंचे स्वास्थ्य केंद्र**

जैसे ही संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह को मनीष बागरी के निधन की जानकारी लगी। अपने समस्त कार्यक्रम कैंसिल कर स्वस्थ्य केंद्र पहुंचे और उनके परिजनों जिनमें छोटे भाई मन्नी जेलर पाटन के जेलर को सांत्वना दी। तीन डाक्टरों की पेनल ने पोस्टमार्टम किया. डॉक्टर शाह,डॉक्टर गुप्ता, डॉक्टर बागरी के पैनल ने पोस्टमार्टम कर शव परिजनों के सुपर्द किया. शाम को जबलपुर में मनीष बागरी का अंतिम संस्कार हुआ. जिसमें बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी सचिव जनपद कर्मी स्थानीय जन शामिल हुए.



### लायंस क्लब के नए अध्यक्ष बने अभिषेक गोयल

**नवभारत,दमोह।** 1 जुलाई डॉक्टर्स-डे के अवसर पर लायंस क्लब दमोह ने तीन महिला डॉक्टर का सम्मान टाइम्स कॉलेज परिसर में किया। डॉक्टर मोनिका पालीवाल ने बताया कि चिकित्सा सिर्फ एक व्यवसाय नहीं समाज के प्रति जिम्मेवारी भी है,डॉ.प्रिया जैन ने डॉक्टर के कर्तव्य के बारे में बताया और डॉक्टर जया पसारी ने लोगों को आगाह किया कि सिर्फ गूगल के सहारे इलाज की ना सोचें,सही डॉक्टर का चुनाव कर भ्रांतियां से बचें। लायंस क्लब दमोह का नया सत्र प्रारंभ हुआ है,जिसमें नए अध्यक्ष ला. अभिषेक गोयल, सचिव ला. डॉ. हरिओम दुबे आदि रहें।

## मध्य प्रदेश में जल संरक्षण बना जन-जन का अभियान : राज्यमंत्री लोधी

### बेलाताल में हुआ जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन




**नवभारत,दमोह।** मध्य प्रदेश में जल संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत प्रदेशभर में व्यापक स्तर पर जल संरक्षण व संवर्धन के कार्य किए गए हैं.अभियान का उद्देश्य जल संरक्षण को केवल शासकीय कार्यक्रम तक सीमित न रखकर समाज का संस्कार बनाना है, प्रदेश प्राकृतिक जल स्त्रोतों से समृद्ध है, लेकिन बदलते जलवायु चक्र, भूजल के अत्यधिक दोहन तथा जल प्रबंधन के प्रति बढ़ती असावधानी को देखते हुए जल संरक्षण आज सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं में शामिल हो गया है इसी दृष्टि से आधुनिक तकनीक और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से जल संरक्षण एवं जल प्रबंधन को सुदृढ़ किया जा रहा है,इस आशय के विचार प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास व धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन अवसर पर बेलाताल में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में व्यक्त किये. इस अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान में श्रेष्ठ कार्य करने वालो का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया.इसमें स्वयंसेवी संस्थाएं शिक्षक और अन्य लोग शामिल रहे.इस दौरान जल संवर्धन-संरक्षण की शपथ दिलाई. कार्यक्रम का संचालन विपिन चौबे और आभार सुशील नामदेव ने किया.कार्यक्रम के प्रारंभ में सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया.इस अवसर पर विधायक जयंत मलैया, म.प्र.राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, उपाध्यक्ष मंजू धर्मेन्द्र कटारे, गोपाल पटेल, अमित जैन (गोलू बजाज), रामेश्वर चौधरी, संजय यादव,राघवेन्द्र सिंह परिहार, कविता राय,संतोष रोहित सहित अन्य जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक, सम्मानीय मीडियाजन, अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे.




## डॉक्टर्स डे पर थ्री सिस्टर टीम की पहल, जिला अस्पताल की बगिया में किया पौधरोपण

**नवभारत,दमोह।** स्वस्थ समाज और स्वस्थ पर्यावरण का संदेश देते हुए थ्री सिस्टर टीम ने डॉक्टर्स डे के अवसर पर जिला अस्पताल दमोह में एक अनूठी पहल की। टीम द्वारा पहल मानवता की ओर अभियान के तहत जिला अस्पताल परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया ।इस सराहनीय पहल का नेतृत्व थ्री सिस्टर टीम की सदस्य नर्सिंग ऑफिसर बबीता चौबे, नसीमा बेगम व नम्रता द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम में जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ.प्रहलाद पटेल सहित वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अमित प्रकाश जैन, डॉ. दिवाकर पटेल, डॉ.चक्रेश चौधरी, डॉ.मनीष संगतानी, डॉ. अल्का सोनी, डॉ. नीरज चतुर्वेदी, डॉ.सुरेंद्र ठाकुर एवं समस्त चिकित्सकों को स्मृति चिन्ह स्वरूप पौधे भेंट कर सम्मानित किया गया ।सम्मान के उपरांत सभी चिकित्सकों ने श्पहल की बगियाश् नाम से चिन्हित स्थान पर स्वयं एक-एक पौधा रोपित किया।

### दमोह के नए शिक्षा अधिकारी होंगे सत्यम चौरसिया



**नवभारत,दमोह।** मप्र शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी संशोधित पदस्थापना आदेश के तहत सत्यम चौरसिया को दमोह का जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) बनाया गया है। वर्तमान में वे अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, सागर के पद पर कार्यरत थे ।दमोह जिले के पथरिया के सत्यम चौरसिया ने लगातार कठिन प्रयास कर एमपीपीएससी 2019 में सहायक संचालक (स्कूल शिक्षा विभाग) एडीइ जिला शिक्षा अधिकारी के रूप में चयन हुआ था ।अब गृह जिले में डीईओ के रूप में उनकी पदस्थापना को क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। शिक्षा विभाग से जुड़े लोगों और शुभचिंतकों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई है कि उनके अनुभव और कार्यशैली से जिले की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा मिलेगी।

## पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव के जन्मदिवस पर वृद्धाश्रम में किया सेवा कार्य

### वृद्धजनों के साथ किया भोजन व लिया आशीर्वाद



**नवभारत,दमोह.** मप्र शासन के पूर्व मंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता गोपाल भार्गव के जन्मदिवस के पावन अवसर पर समाजसेवी आलोक चौबे ने वृद्धाश्रम पहुंचकर वहां निवासरत वृद्ध माता-पिता के साथ आत्मीयता से भोजन किया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया.इस अवसर पर आलोक चौबे ने कहा कि समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान और उनकी सेवा करना हम सभी का नैतिक दायित्व है.पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव के जन्मदिवस पर वृद्धजनों के बीच समय बिताना और उनके साथ भोजन करना अत्यंत सुखद व प्रेरणादायक अनुभव रहा.वृद्धजनों ने सभी को स्नेह व आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य व जनसेवा की भावना के लिए शुभकामनाएं दीं। इस सेवा कार्यक्रम में पंडित राहुल नायक, पंडित प्रियांशु शर्मा, रोशन पटेल, ओंकार तिवारी,भानु प्रताप,मयंक उपाध्याय,गौरव रजक, अंकुर तथा हरिओम सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे. सभी ने वृद्धजनों की सेवा कर उनके साथ आत्मीय क्षण बिताए और पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव के स्वस्थ,दीर्घायु व यशस्वी जीवन की कामना की.

### हटा में बावड़ी उत्सव एवं समापन कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत,हटा/दमोह।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद व नगर पालिका परिषद हटा के संयुक्त तत्वावधान में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत भव्य बावड़ी उत्सव एवं समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक उमा देवी खटीक रहीं तथा अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष गंगाराम पटेल ने की। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी डॉ.सी.एल. नेमा, सौरभ नेमा, पार्षद बृजेंद्र सिंह राजपूत, रितेश अग्रवाल, रामकिशोर दुबे, रूप सिंह राजपूत, सीएमओ हटा राजेंद्र खरे तथा मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की विकासखंड समन्वयक पुष्पा सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।कार्यक्रम में जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन एवं पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण का संदेश देते हुए सभी ने जनभागीदारी से जल संवर्धन कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया ।कार्यक्रम में परिषद से जुड़ी नवांकुर संस्थाओं, मेंटर्स, विभिन्न सामाजिक संगठनों,छात्र-छात्राओं,प्रस्फुटन समिति के सदस्यों व सेवानिवृत्त शिक्षक रहें.



## जन्म दिन पर पौधरोपण कर प्रकृति संरक्षण का दिया संदेश

**नवभारत, दमोह।** शासकीय प्राथमिक शाला कनोरा रामनगर में लक्ष्य के राष्ट्रीय संरक्षक अमरपाल सिंह लोधी आईआरएस एडिश्नल कमिश्नर भारत सरकार के जन्म दिन पर लक्ष्य टीम दमोह द्वारा शिक्षकों जन प्रतिनिधियो के साथ मिलकर वृक्षारोपण कर प्रकति संरक्षण का संदेश दिया। वृक्षारोपण में शिक्षक शाहिद खान शिक्षक नोनेलाल साहू जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मंगल पटेल आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और स्कूल के बच्चों ने भाग लिया। पीएलवी रूपेन्द्र सिंह ने बताया की टीम प्रत्येक वर्ष लगातार क्षेत्र में वृक्षारोपण कर रही है और लोगों को प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूक बनाने का कार्य कर रहे हैं। टीम का उद्देश्य है कि आने वाले 15 वर्षों में बटियागढ़ तहसील के सभी कार्यालयों ,मंदिरों, और श्मशानघाटो पर जहां बाउंड्री से सुरक्षित क्षेत्र है। वहां लक्ष्य दमोह द्वारा रोपित पौधे होंगे रूपेन्द्र सिंह ने बताया कि भारतीय वेदों में एक पेड़ को सौ पुत्र समान पुण्य माना गया है।


**एक नजर में**



### 38 वर्षों की उत्कृष्ट सेवा के बाद वरिष्ठ स्टेनो राजेंद्र कुमार असाटी सेवानिवृत्त, दी विदाई

**नवभारत,दमोह।** विद्युत मंडल, उत्तर संभाग, दमोह में पदस्थ वरिष्ठ स्टेनो राजेंद्र कुमार (चंदू) असाटी 30 जून को लगभग 38 वर्षों की निष्ठापूर्ण व उत्कृष्ट सेवाओं के उपरांत सेवानिवृत्त हुए .इस अवसर पर विद्युत मंडल परिसर में गरिमामय सेवानिवृत्ति समारोह आयोजित किया गया, जिसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके उत्कृष्ट सेवाकाल की सराहना करते हुए भावभीनी विदाई दी .समारोह में कार्यपालन अभियंता एम.एल. साहू, सहायक अभियंता प्रशांत खरे सहित विद्युत मंडल के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे .समारोह के उपरांत श्री असाटी का गाजे-बाजे, पुष्पमालाओं व आत्मीय स्वागत के साथ सम्मानपूर्वक विदाई जुलूस निकाला गया। इस अवसर पर उनके परिवारजन, अखिल भारतीय असाटी समाज महासभा के पदाधिकारी व समाजजन तथा नेहरू पार्क, दमोह की प्रात :कालीन भ्रमण समिति के अनेक गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने उनके स्वस्थ, सुखद एवं सक्रिय सेवानिवृत्त जीवन की मंगलकामनाएं व्यक्त कीं .इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष वीरेंद्र असाटी, वैश्य समाज की जिला प्रभारी विद्या असाटी, अखिल भारतीय महिला महासभा की उपाध्यक्ष कंचन असाटी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मालती असाटी. व असाटी समाज समिति के डॉक्टर बृजेंद्र,छोटेलाल,ललित कटारिया,जगदीश, अरविंद, धरुव,सेलू, राजू, पंकज, जगत, प्रिंस, विद्युत मंडल के कर्मचारी आकाश सेन, चंदन पटेरिया,अजय मिश्रा आशीष गर्ग,कैलाश विश्वकर्मा, तनुश्री जायसवाल, दीनू, प्रेमलाल पटेल विशेष रूप से उपस्थित थे।

### 30 वर्षों की सेवा के बाद बीएमओ डॉ. डीके राय को दी विदाई, अस्पताल स्टाफ की आंखें हुई नम



**नवभारत,जबेरा/दमोह।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा में बुधवार शाम 4 बजे ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर (बीएमओ) डॉ.डी.के. राय के सेवानिवृत्ति पर सम्मान व विदाई समारोह का आयोजन किया गया .इस अवसर पर अस्पताल के चिकित्सकों और समस्त स्टाफ ने उन्हें पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंट कर भावभीनी विदाई दी .समारोह में वक्ताओं ने कहा कि डॉ. राय ने अपने 30 वर्षों के शासकीय सेवा काल में मरीजों की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी .उन्होंने पिछले 10 वर्षों तक जबेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक व बीएमओ के रूप में उत्कृष्ट प्रशासनिक क्षमता और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया.

### कमला नेहरू महिला महाविद्यालय में तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम शुरू,नव प्रवेशित छात्राओं का हुआ स्वागत




**नवभारत,दमोह।** शासन के आदेशानुसार 1 जुलाई 2026 को शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय में तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ.जी.पी. चौधरी के निर्देशन में किया गया ।कार्यक्रम के प्रथम दिन नव प्रवेशित छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। डॉ. आर.पी. अहरवाल ने महाविद्यालय के समस्त विभाग एवं स्टाफ की जानकारी दी ।डॉ. असलम खान ने नई शिक्षा नीति व परीक्षा प्रणाली के बारे में बताया,जबकि डॉ. प्रणव मिश्रा ने पर्यावरण एवं स्वच्छता विषय पर जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी डॉ. डी.के. नेमा, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अरुणा एम.जैन, डॉ. मालती नायक, डॉ. प्रीति वर्मा, डॉ. दिनेश पटेल,डॉ.शिव शंकर मरकाम,समिति सदस्य डॉ. आराधना श्रीवास, डॉ.राधा ताम्रकार, डॉ.आकाश पांडे आदि रहें.

## गैसाबाद में बाइक से गिरे भाई-बहन, ट्रक के पहिए से कुचली गई बहन, जबलपुर रेफर



**नवभारत,दमोह।** गैसाबाद थाना क्षेत्र के हिनौता कला के पास बाइक से जा रहे भाई-बहन हादसे का शिकार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हिनौता कला निवासी 16 वर्षीय गुन्नो अहिरवार, पिता दिनेश अहिरवार अपने भाई बसंत के साथ बाइक से जा रही थी। अचानक संतुलन बिगड़ने से दोनों बाइक सहित गिर गए। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रक का पहिया गुन्नो के हाथ पर चढ़ गया, जिससे हाथ गंभीर रूप से कुचल गया। घटना की सूचना पर हिनौता कला सरपंच विक्रांत पटेल तत्काल मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। ड्यूटी पर तैनात डॉ. दिव्यांशु अवस्थी ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में दोनों भाई-बहन को जबलपुर रेफर कर दिया।

### वन भूमि पर अवैध जुताई करता ट्रैक्टर ज़ब्त, दो आरोपी गिरफ्तार



**नवभारत,दमोह।** वन मंडल अधिकारी (डीएफओ) ईश्वर जरांडे व एसडीओ दमोह एम.डी. मानिकपुरी के निर्देशन में वन विभाग ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई की है. वन परिक्षेत्र दमोह के अंतर्गत घाट पिपरिया बीट (कक्ष क्रमांक आर.एफ. 95, ग्राम मुहली) में मानसून गश्ती के दौरान वन भूमि को तोड़कर अवैध रूप से जुताई करते हुए एक सोनालिका ट्रैक्टर (डीआई-60 सिकंदर) सहित कल्टीवेटर और लेवलर ब्लेड को मौके से ज़ब्त किया गया है .मामले में वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण के आरोप में बृजेश यादव पिता कमलेश यादव व उत्तम गौंड पिता शिवराज गौंड (दोनों निवासीरू ग्राम मुहली) को गिरफ्तार किया गया है.



### पेंशनर संघ ने छह सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा

**नवभारत,दमोह।** प्रांतीय आवाहन पर प्रोग्रेसिव पेंशनर एसोसिएशन के प्रांतीय आवाहन पर मुख्यमंत्री के नाम छह सूत्रीय मांगों का ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में महत्वपूर्ण बात यह रही कि दमोह जिला के समस्त पेंशनर संघों द्वारा गठित संयुक्त पेंशनर मोर्चा के बैनर तले दमोह जिला के समस्त पेंशनर संघ यथा पुलिस पेंशनर संघ,पेंशनर्स समाज,विद्युत मंडल,नगर पालिका एवं प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन और उनके सदस्य भी उपस्थित रहे जिससे दमोह जिला द्वारा एकता की मिसाल पेंशनरों की गई ।जगदीश चौबे अध्यक्ष प्रोग्रेसिव एसोसिएशन द्वारा ज्ञापन सौंपते समय सभी मांगो को रखा.

**मेंटेनेंस** — ग्रामवासियों में खुशी की लहर

# बहाल की गई विद्युत व्यवस्था

**नवभारत,दमोह ।28-29 जून 2026 की दरम्यानी रात तेज आंधी तूफान एवं लाइटनिंग के चलते हटा क्षेत्र की विद्युत लाइनें अस्त-व्यस्त होने तथा 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेन्द्र-फतेहपुर से निर्गमित 11 के.व्ही. फतेहपुर फीडर की विद्युत व्यवस्था बाधित होने की सूचना विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने पर 30 जून को अधीक्षण अभियंता द्वारा हटा व फतेहपुर क्षेत्र का सघन भ्रमण किया गया।**

भ्रमण के दौरान फतेहपुर क्षेत्र की लाइन के 50-60 इंसूलेटर एवं 10-11 विद्युत पोल गिरे पाये गये। जिसके सुधार हेतु युद्ध स्तर पर 40-50 स्टाफ लगाकर सभी खराब इंसूलेटर एवं गिरे हुए पोलों को खड़ा कर क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था बहाल की गई। फतेहपुर क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बहाल होते ही क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ी एवं उनके द्वारा कंपनी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### मोबाइल नंबर चस्पा करने के दिये निर्देश

बारिश के मौसम में बिजली व्यवस्था दुरूस्त करने के उद्देश्य से मैदानी क्षेत्रों में अधिकारियों व क्षेत्रीय मेनटेनेंस टीमों द्वारा भ्रमण किया जा रहा है। अधीक्षण अभियंता द्वारा वृत्त अंतर्गत निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु अधीनस्थ कार्यपालन अभियंता, सहायक एवं कनिष्ठ अभियंताओं से फीडबेक लेकर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है ।अधीक्षण अभियंता ने सम्मानीय विद्युत उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि वे अपनी विद्युत संबंधी शिकायतों के निराकरण के लिए संबंधित वितरण केन्द्र प्रभारी एवं कंपनी के टोल फ्री नंबर 1912 पर संपर्क कर अपनी शिकायतों का नियमानुसार निराकरण करायें एवं कंपनी को सहयोग प्रदान करें। पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी 24ग7 के आधार पर उपभोक्ताओं की शिकायतों के निराकरण के लिए कृत संकल्पित है।



### नगर पालिका सीएमओ ने स्कूल चले हम के द्वितीय चरण का किया अवलोकन, 1000 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की

**नवभरत,हटा/दमोह.** शासकीय एकीकृत उत्कृष्ट माध्यमिक शाला नावघाट हटा में बुधवार को नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र कुमार खरे द्वारा विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ सर ने कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों से संवाद किया ।उन्होंने बच्चों से नागरिकों के कर्तव्यों, बिजली की बचत,साफ सफाई व स्वच्छता के महत्व, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जैसे आवश्यक दस्तावेज बनवाने की प्रक्रिया सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की ।बच्चों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर देकर और उनकी जिज्ञासा व जागरूकता को देखकर श्री खरे अत्यंत प्रसन्न हुए। कक्षा 8 की छात्रा चंचल अग्रवाल से उन्होंने नगर पालिका के कामकाज पर प्रश्न किया। छात्रा ने नगर पालिका के कार्यों का विस्तार से उल्लेख करते हुए प्रश्न का सटीक उत्तर दिया। छात्रों की प्रतिभा और जागरूकता से खुश होकर सीएमओ सर ने विद्यालय और बच्चों को प्रोत्साहित करने हेतु (स्कूल के सभी छात्रों के लिए) 1000 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की।